卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 2 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦8 अक्टूबर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## सीएम योगी पहुंचे केदारनाथ

देहरादून (उद संवाददाता)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को श्री केदारनाथ धाम पहुंचकर पूजा अर्चना की। उनके साथ मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश दुर्गा शंकर मिश्र, प्रमुख सचिव ग्रह/ सचिव मुख्यमंत्री संजय प्रसाद भी केदारनाथ पहुचें। केदारनाथ हेलीपैड पर उनका स्वागत बदरी-केदार मंदिर समिति (बीकेटीसी) के अध्यक्ष अजय अजयेंद्र, जिला पंचायत अध्यक्ष रुद्रप्रयाग अमरदेई शाह, भाजपा जिला अध्यक्ष महावीर पंवार, जिलाधिकारी डा. सौरभ गहरवार, पुलिस अधीक्षक डा. विशाखा समेत अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। वहीं पुरोहित



समाज ने परंपरागत मंत्रोच्चारण के साथ उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। तीर्थ पुरोहितों से भेंट करने के बाद मुख्यमंत्री योगी जीएमवीएन अतिथि गृह में कुछ देर विश्राम किया। यहीं पर पार्टी कार्यकर्ताओं एवं प्रशंसकों से भेंट करने के बाद मुख्यमंत्री योगी ने बाबा केदारनाथ के दर्शन कर विश्व में सुख समृद्धि एवं जन कल्याण की कामना की। इससे पहले यूपी सी एम ने रविवार की सुबह बदरीनाथ धाम पहुंचकर भगवान बदरी विशाल के दर्शन किए। उन्होंने ब्रह्मकपाल में पिंडदान किया। ब्रह्म कपाल तीर्थ में पितृ तर्पण करने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ केदारनाथ धाम (शेष पृष्ठ सात पर)

## विधायक के रिश्तेदार का शव मिलने से सनसनी, हत्या की आशंका

रामनगर(उद संवाददाता)। निकटवर्ती ग्राम छोई में संदिग्ध परिस्थितियों में विधायक गोविंद सिंह बिष्ट के रिश्तेदार का शव नहर में बरामद होने से सनसनी फैल



गयी। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत को लेकर हत्या की आशंका व्यक्त की जा रही है। घटना से परिवार में कोहराम मचा है। जानकारी के मुताबिक सिचाई विभाग की नहर में पनचक्की के पास रविवार सुबह एक शव मिलने से सनसनी फैल गयी। शव की शिनाख्त 55 वर्षीय गोविंद सिंह फर्त्याल पुत्र भूपाल सिंह फर्त्याल के रूप में हुई। शव मिलने के बाद मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गयी। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जानकारी ली और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मचा है। मृतक के दो पुत्र और एक पुत्री है। पुत्री की शादी हो चुकी है वह वर्तमान में शंकरपुर की क्षेत्र पंचायत सदस्य है और राम नगर के विधायक दिवान सिंह बिष्ट की पुत्रवधू है। मृतक का (शेष पृष्ठ सात पर)

## कूड़े के ढ़ेर में नवजात का शव मिलने से हड़कम्प

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आज प्रात: ट्रांजिट कैम्प में कूड़े के ढ़ेर में एक नवजात शिशु का शव पाये जाने से क्षेत्र में हड़कम्प मच गया। मामले की जानकारी मिलते ही वहां लोगों का हजूम एकत्रित हो गया। घटना की सूचना मिलने पर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक नवजात शिशु के शव को अपने कब्जे में लिया और मौके पर खड़े लोगों से इस सन्दर्भ में आवश्यक ली। आशंका व्यक्त की जा रही है कि बदनामी के डर से किसी युवती द्वारा इस घटना को अंजाम दिया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार आज प्रात: ट्रांजिट कैम्प की न्यू सुभाष कालोनी में प्रात: टहलते लोगों को एक खाली प्लॉट में कूड़े के ढ़ेर में नवजात कन्या शिशु का शव पड़ा दिखाई दिया। शव पाये जाने की खबर फैलते ही वहां लोगों की भीड़ लग गई। साथ ही कई चर्चाएं भी होने लगीं। मामले की सूचना मिलने पर ट्रांजिट कैम्प थाना पुलिस कर्मी मौके पर आ गये। उन्होंने शव अपने कब्जे में लेकर वहां खड़े लोगों से इस सन्दर्भ में आवश्यक जानकारी जुटाई। पुलिस का कहना है कि घटना स्थल के आस पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगालकर दोषी तक पहुंचने की कोशिश की जायेगी। लोगों में चर्चा है कि किसी बिन ब्याही युवती ने बदनामी के डर से बचने के लिए इस घटना को अंजाम दिया होगा। फिलहाल पुलिस ने मृतक शिशु के शव को पोस्टमार्टम हाऊस भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## सड़क हादसे में एक की मौत, कई घायल

### हाईवे पर अनियंत्रित डम्पर ने यात्रियों से भरे टेम्पो को मारी टक्कर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। काशीपुर मार्ग पर यात्रियों से भरे टेम्पो को अनियंत्रित डम्पर ने पीछे से टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में घायल यात्रियों को पुलिस द्वारा चिकित्सालय पहुंचाया गया। जहां एक यात्री की उपचार के दियरान मौत हो गई। जबकि अन्य घायल यात्रियों का प्राथमिक उपचार किया गया। घटना के पश्चात डम्पर चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भिजवाया। सूचना मिलने पर पहुंचे मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार काशीपुर मार्ग पर ग्राम भगवानपुर में आरआईटी कॉलेज के



सामने रुद्रपुर की तरफ से आ रहे अनियंत्रित डंपर ने यात्रियों से भरे दिनेशपुर की ओर जा रहे टेंपो रजिस्ट्रेशन संख्या यूके 06 टीए 5262 को पीछे टक्कर मार दी। जिससे टेंपो पलट गया टेंपो में सवार करीब पांच-छ यात्रियों में चीख पुकार शुरू हो गई। डम्पर चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। लोगों से घटना की सूचना मिलते ही एसएसआई कमाल हसन और एसएसआई अर्जुन गिरी गोस्वामी घटना स्थल पहुंचे। उन्होंने घायलों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। साथ ही घटना की विस्तार से जानकारी ली। घायल 25 वर्षीय कृष्ण पत्नी अविनाश मंडल निवासी आनंद खेड़ा दिनेशपुर व 58 वर्षीय हरीश बठला पुत्र अविनाश बठला निवासी वार्ड नंबर 4 थाना दिनेशपुर को तुरंत एंबुलेंस के माध्यम से जिला चिकित्सालय भेजा गया। चोटिल कृष्णा को हल्की-फुल्की छोटे आई है। जबकि हरीश बठला की जिला चिकित्सालय में उपचार के दौरान मृत्यु हो गई है। पुलिस आरोपी डंपर चालक को पकड़ने के लिए घटनास्थल के आस पास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है। बताया जाता है मृतक हरीश बाठला पिछले करीब 25 वर्षों से काशीपुर मार्ग स्थित एस पी (शेष पृष्ठ सात पर)

## लाखों की नगदी सहित 17 जुआरी पकड़े

### घर में चल रहा था जुए का अड्डा,पकड़े गये लोगों में कई रसूखदार भी शामिल

काशीपुर(उद संवाददाता)। पुलिस ने गंगे बाबा रोड स्थित एक घर में छापा मारकर लाखों रुपए का जुआ खेलते हुए 17 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने सात लाख सैंतालीस हजार पांच सौ रुपए की नकदी भी बरामद की है। पकड़े गए जुआरी शहर के संभ्रांत घरों से ताल्लुक रखते हैं। कोतवाली में पत्रकारों को बताया कि बीती रात पुलिस ने गंगे बाबा रोड स्थित हिंजड़ों वाली गली में एक मकान में छापा मारा। मकान कौशल यादव का बताया जाता है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि इस



मकान में बड़े पैमाने पर जुआ खिलाया जाता है। यह मकान अक्सर बंद रहता है। बंद मकान में तलाशी के लिये उच्च अधिकारियों की अनुमति से छापा मारा गया। इस दौरान जसपुर व कुंडा थाना क्षेत्र से भी पुलिस बल को मौके पर बुलवाया गया। पुलिस टीम ने तो मकान का गेट खोल कर अन्दर प्रवेश किया तो देखा कि वहां काफी लोग जुआ खेल रहे थे। पुलिस ने मौके पर कौशल यादव पुत्र पाती राम यादव निवासी पंजाबी सराय , विरेन्द्र कुमार पुत्र विष्णु कुमार निवासी सुभाष नगर ,मोहम्मद नईम पुत्र फकीर मोहम्मद निवासी मौहल्ला थाना साबिक काशीपुर पुत्र नसीउल्ला निवासी मौहल्ला बास फोडान थाना काशीपुर ,आसिफ पुत्र अमानत हुसैन निवासी बाबरखेडा थाना कुण्डा ,शोभित अग्रवाल पुत्र सुभाष चन्द्र अग्रवाल निवासी (शेष पृष्ठ सात पर)

## कब्र से मिट्टी हटाने पर भड़का इसाई समाज

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जनपद रामपुर के थाना बिलासपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम मनिहार खेड़ा में सरकार योजना के तहत शमशान घाट के सौंदर्यीकरण कार्य के दौरान कब्र के ऊपर से मिट्टी हटाये जाने से इसाई समाज के लोग भड़क गये और उन्होंने ग्राम प्रधान के विरूद्ध प्रदर्शन शुरू कर दिया। बाद में पुलिस की मध्यस्थता में दोनों पक्षों में हुए समझौते के बाद मामला शांत हुआ। बताया जाता है कि ग्राम मनिहार



खेड़ा में उप्र सरकार द्वारा इसाई समाज के लोगों को शमशान घाट के लिए भूमि आवंटित की गई है। सरकारी योजना के तहत ग्राम प्रधान द्वारा यहां (शेष पृष्ठ सात पर)

## भूखण्ड बेचने के नाम पर 2.30 लाख की ठगी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भूखण्ड बेचने के नाम पर तीन लोगों द्वारा एक व्यक्ति से 2.30 लाख रुपए ठग लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित द्वारा शिकायत करना के बाद भी पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई न करने पर न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कराया गया। दर्ज रपट में गोपाल सिंह पुत्र चन्दन सिंह निवासी इन्द्रा कालोनी, गली नंबर पांच रूद्रपुर ने हरकेश्वर रॉव पुत्र विभूति प्रसाद, विभूति प्रसाद निवासी ग्राम कोलडा कीरतपुर रुद्रपुर व नीरज जायसवाल पुत्र अज्ञात निवासी सिंह कालोनी, रूद्रपुर, तहसील रुद्रपुर के विरुद्ध आरोप लगाया है। उसका कहना है कि उसकी जान पहचान का एक व्यक्ति नीरज जायसवाल आया और बोला कि उसके दोस्त हरकेश्वर रॉव ने एक कालोनी, काटी है तुम उसमें प्लाट खरीद लो। उनकी बातों पर विश्वास करते हुये दो लाख रूपये में एक भूखण्ड खरीदने का सौदा किया और 1.40 लाख रुपये बतौर ब्याना हरकेश्वर रॉव को अदा कर दिये। जिस सम्बन्ध में एक इकरारनामा भी नीरज जायसवाल ने टाईप करवाकर (शेष पृष्ठ सात पर)

## वाहन से कुचलकर किशोर की दर्दनाक मौत

### गुस्साए परिवारजनों और ग्रामीणों ने काटा हंगामा

शक्तिफार्म (उद संवाददात)। माता-पिता के साथ बाइक से घर लौट रहे



किशोर की तेज रफ्तार वाहन से कुचलकर मौत हो गई। हादसे में दंपत्ति भी चोटिल हुए है। हादसे के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने टैगोर नगर तीन पानी मोड़ पर वाहन को पकड़ कर जमकर हंगामा काटा। उन्होंने आरोप



लगाया कि सड़क में तेज रफ्तार वाहन यातायात नियमों को तोड़ते हुए यमदूत बनकर दौड़ रही है।ग्रामीणों की उग्र भीड़ कार्यवाही की मांग को लेकर 2 घंटे से ऊपर वाहन को रोक कर प्रदर्शन किया। ग्रामीण उस वक्त (शेष पृष्ठ सात पर)

## दुर्घटना में घायल व्यक्ति ने दम तोड़ा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। करीब डेढ़ माह पूर्व हुई मार्ग दुर्घटना में घायल एक व्यक्ति ने मध्य रात्रि उपचार के दौरान एक निजी चिकित्सालय में दम तोड़ दिया। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। इस दुर्घटना में मृतक के घायल साथी की पूर्व में मौत हो चुकी है। जानकारी के अनुसार करीब डेढ़ माह पूर्व कार की टक्कर बाईक संख्या यूपी 22 जेड 2267 पर सवार ग्राम रम्पुरा बुजुर्ग थाना खजूरिया रामपुर निवासी अवतार सिंह पुत्र बसाखा (शेष पृष्ठ सात पर)

# आतंकवाद का करेंगे जड़ से सफाया : अमित शाह





## गृहमंत्री ने कहा: अमृतकाल में जम्मू कश्मीर, नॉर्थ ईस्ट और वामपंथी उग्रवादी क्षेत्रों में कानून व्यवस्था बेहतर हुई
## साइबर अपराध की रिपोर्टिंग के लिए उत्तराखण्ड पुलिस की ई-सुविधा प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित हुई : सीएम
## एफआरआई देहरादून में 49वीं अखिल भारतीय पुलिस विज्ञान कांग्रेस का आयोजन, डीजीपी को किया सम्मानित

देहरादून(उद संवाददाता)। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून में 49वीं अखिल भारतीय पुलिस साइंस कांग्रेस का उद्घाटन किया। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि फॉरेंसिक साइंस के उपयोग, CCTNS व ICJS की भूमिका और IPC/ CrPC तथा Evidence Act को बदलने वाले तीन नए कानूनों से भारत का क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम अमृतकाल में एक नए युग में प्रवेश करने जा रहा है। काउन्टर टेररिज्म के एप्रोच में जीरो टॉलरेंस की नीति से आगे बढ़ जीरो टॉलरेंस स्ट्रेटजी और जीरो टॉलरेंस एक्शन को अपनाकर आतंकवाद को जड़ से समाप्त करने का समय आ गया है। गृह मंत्रालय ने देश में कानून-व्यस्था को और सुदृढ़ करने के अनेक परिवर्तन किए हैं, अमृतकाल में इन परिवर्तनों को जमीन पर उतार कर इनका सुफल देश को देने का समय है। देश के युवा पुलिस ऑफिसर्स देश के क्रिटिकल इंफ्रास्ट्रक्चर की सुरक्षा, राज्यों में साइबर सुरक्षा का ऑडिट, सोशल मीडिया और वीजा की लगातार मॉनिटरिंग जैसे नए विषयों पर काम करें। "Policing in Amrit Kaal" थीम पर आयोजित हो रही पुलिस साइंस कांग्रेस में 5जी युग में पुलिस व्यवस्था, नारकोटिक्स: एक अभूतपूर्व दृष्टिकोण, पुलिस और सीएपीएफ के बीच समन्वय, आंतरिक सुरक्षा और सोशल मीडिया की चुनौतियां, और सामुदायिक पुलिसिंग विषयों पर मंथन हो रहा है। ऑल इंडिया पुलिस साइंस कांग्रेस में पहुंचे गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासन काल में तीनों हॉट स्पॉट जम्मू कश्मीर, नॉर्थ ईस्ट और वामपंथी उग्रवादी क्षेत्रों में कानून व्यवस्था बेहतर हुई है। यूपीए के नौ साल में इन तीनों हॉटस्पॉट में 33200 हिंसक घटनाएं हुई थी। जबकि 2014 से अब तक इन तीनों हॉट स्पॉट में 12358 घटनाएं ही हुई हैं। एफआरआई में आयोजित ऑल इंडिया पुलिस साइंस कांग्रेस में शाह ने कहा कि कुल सुरक्षा कर्मियों की मौत 11947 के सापेक्ष एनडीए शासन काल में 3240 ही हुई हैं। आने वाले पांच साल में और काम किए जाएंगे। कहा कि अंतरिक सुरक्षा के क्षेत्र में भारत आत्मनिर्भर हो रहा है। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष सुरक्षा और सीमाओं की सुरक्षा ठीक किए बिना कोई भी देश विकास नहीं कर सकता। विकास के सारे पैमानों की पहली शर्त है कि कानून और व्यवस्था की स्थिति ठीक हो। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को एफ.आर.आई देहरादून में केन्द्रीय सहकारिता एवं गृह मंत्री श्री अमित शाह के साथ 49वीं अखिल भारतीय पुलिस विज्ञान कांग्रेस में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि 49वीं अखिल भारतीय पुलिस विज्ञान कांग्रेस की मेजबानी करने का अवसर इस बार उत्तराखण्ड को मिला, यह राज्य के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने आगामी 25 वर्षों में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। जिसके लिए हर क्षेत्र में प्रगति करना जरूरी है। इसलिए पुलिस बलों की क्षमता के विकास हेतु इस प्रकार के आयोजन और भी महत्वपूर्ण हो जाते हैं। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि पुलिस बल को तकनीकी व मानसिक दक्षता के साथ उन्नत तकनीकी तथा सक्षम माध्यमों से सुसज्जित रहने की आवश्यकता है। इसके लिए गृहमंत्री जी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार द्वारा राज्य सरकारों को विशेष सहायता प्रदान की जा रही है। मुख्यमंत्री ने आशा व्यक्त की कि इस पुलिस कांग्रेस में व्यापक विचार-विमर्श और सार्थक चर्चाओं द्वारा पुलिसिंग तथा आंतरिक सुरक्षा के अतिरिक्त साइबर सिक्योरिटी व डाटा चोरी की रोकथाम हेतु महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड पुलिस ने साइबर अपराध की रिपोर्टिंग के लिए ई-सुविधा, मामलों के त्वरित निस्तारण पर बल देने के साथ ही जन जागरूकता अभियानों से जनता को सचेत भी किया है। पुलिस ने विभिन्न एप्लिकेशन्स लॉन्च किए हैं, जिनके द्वारा प्रभावी पुलिसिंग की व्यवस्था सुनिश्चित हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्रीय गृहमंत्री ने पिछली बैठक में आतंकवाद पर प्रहार करने का आह्वान करते हुए राष्ट्रीय आंतरिक सुरक्षा नीति बनाए जाने की बात कही थी। उनके नेतृत्व में आज देश में आतंकवाद का सफाया हो रहा है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर सुझाव दिया कि वनों की सुरक्षा में लगे वन कर्मियों को भी अत्याधुनिक शस्त्र चलाने तथा अर्द्धसैनिक बलों की भांति प्रशिक्षित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सीमांत क्षेत्रों की सुरक्षा के लिए पुलिस को और अधिक आधुनिक संसाधनों से सुसज्जित करना होगा। मुख्यमंत्री ने आशा व्यक्त की कि आवश्यक नई तकनीकों के संबंध में भी इस कांग्रेस में विचार विमर्श किया जाएगा। उन्होंने कहा कि समाज के प्रबुद्ध वर्ग को अपने साथ जोड़कर समय-समय पर राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा हेतु सुझावों का आदान-प्रदान करने की भी आवश्यकता है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्री सतपाल महाराज, श्री प्रेमचन्द अग्रवाल, श्री सौरभ बहुगुणा, सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक, श्रीमती माला राज्य लक्ष्मी शाह, राज्यसभा सांसद श्रीमती कल्पना सैनी, मेयर श्री सुनील उनियाल गामा समेत विभिन्न अधिकारी मौजूद रहे।




# देश से कुपोषण समाप्त करना और स्कूली बच्चों का जीरो ड्रॉप आउट हमारी प्राथमिकता

## किसानों का 100 प्रतिशत दलहन, तिलहन और मक्का एमएसपी पर नेफेड खरीदेगा, मोटे अनाज कोदो और कुटकी का समर्थन मूल्य बराबर

देहरादून(उद संवाददाता)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने टिहरी जिले के नरेंद्रनगर में 24वीं मध्य क्षेत्र परिषद की बैठक को संबोधित किया। बैठक में मोटा अनाज रागी के बराबर कोदो और कुटकी उपज का न्यूनतम समर्थन मूल्य भी किए जाने का फैसला किया गया। शाह ने कहा कि बच्चों में कुपोषण की समस्या को पूरी संवेदनशीलता के साथ दूर करना हम सबकी जिम्मेदारी है। इसी तरह बच्चों के स्कूल छोड़ने की दर शून्य करने के लिए खास ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने मोटा अनाज के न्यूनतम समर्थन मूल्य बराबर किए जाने के फैसले पर कहा कि इससे देशभर विशेषकर मध्य क्षेत्र परिषद के सदस्य राज्यों के करोड़ों किसानों को फायदा होगा। बैठक में तय हुआ कि लाख उत्पादन को संशोधित मौसम आधारित फसल बीमा योजना में शामिल करने के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) से अध्ययन कराया जाएगा। इससे लाख उत्पादन से जुड़े किसानों को लाभ होगा। देश में दो लाख नई प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों (पैक्स) के गठन पर भी चर्चा हुई।



बैठक में रॉयल्टी और खनन संबंधित मुद्दों और वामपंथी उग्रवाद-प्रभावित जिलों में बुनियादी सुविधाओं के निर्माण पर भी विचार-विमर्श किया गया। शाह ने कहा, मध्य क्षेत्र परिषद सदस्य राज्य कृषि, पशुपालन, अनाज उत्पादन, खनन, जल आपूर्ति और पर्यटन के प्रमुख केंद्र हैं। इन राज्यों के बिना जलापूर्ति की कल्पना ही नहीं की जा सकती। शाह ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में क्षेत्रीय परिषदों की भूमिका सलाहकार से बदलकर एक्शन प्लेटफार्म के रूप में कारगर साबित हुई हैं। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और छत्तीसगढ़ राज्यों का देश के जीडीपी और विकास में बहुत बड़ा योगदान है। पीएम ने हमेशा सहकारी संघवाद की भावना की मजबूती पर जोर दिया। क्षेत्रीय परिषदों ने समस्याओं का समाधान निकालने, वित्तीय समावेशन बढ़ाने और नीतिगत बदलावों में उत्प्रेरक की भूमिका निभाई। देश के किसानों को समृद्ध बनाने के संकल्प को साकार करने की दिशा में उठाए गए महत्वपूर्ण कदम के तहत अब देशभर के किसानों का 100 प्रतिशत दलहन, तिलहन और मक्का एमएसपी पर नेफेड खरीदेगा। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने भी अपने-अपने राज्यों से जुड़े मुद्दे रखे। मध्य प्रदेश के सीएम शिवराज सिंह चौहान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। इसमें छत्तीसगढ़ के गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, केंद्रीय गृह सचिव, अंतर राज्य परिषद सचिवालय की सचिव, सदस्य राज्यों के मुख्य सचिव और राज्य सरकारों तथा केंद्रीय मंत्रालयों एवं विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

# इन्वेस्टर्स समिट से मिलेगी राज्य के औद्योगिक विकास को गति: राज्यपाल

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से शनिवार को राजभवन में एमडी सिडकुल रोहित मीणा ने मुलाकात की। उन्होंने राज्यपाल को माह दिसम्बर में आयोजित होने वाले उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 8 एवं 9 दिसम्बर को देहरादून में आयोजित होने वाले उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 में अभी तक लगभग रू. 40 हजार करोड़ के एमओयू विभिन्न स्टेक होल्डर्स के साथ किए जा चुके हैं। एमडी ने बताया कि माह नवम्बर में चेन्नई, बैंगलुरू, हैदराबाद, अहमदाबाद और मुंबई में भी रोड़ शो किए जाने प्रस्तावित हैं। उन्होंने बताया कि



इस समिट के माध्यम से मुख्य रूप से पर्यटन, विनिर्माण, आयुष, शिक्षा स्वास्थ्य, आईटी, ऊर्जा आदि सेक्टर में रू. 2.5 लाख करोड़ के अपेक्षित निवेश का लक्ष्य रखा गया है। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 के माध्यम से उत्तराखण्ड में निवेश व उद्योगों को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस समिट के माध्यम से उत्तराखण्ड की अर्थव्यवस्था को नया प्रोत्साहन मिलना तय है। उन्होंने कहा कि इस समिट को हमारे वार्षिक कैलेंडर का हिस्सा करने की जरूरत है। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड में स्थित विभिन्न संस्थानों और विश्वविद्यालयों को भी इस समिट में सहयोगी बनाए जाने की जरूरत है। इस अवसर पर विशेष कार्याधिकारी बी.पी. नौटियाल एवं संयुक्त निदेशक, सूचना डॉ. नितिन उपाध्याय उपस्थित रहे।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# रोड टैक्स वसूलने पर भड़के टुकटुक चालकों ने मोदी मैदान में किया प्रदर्शन

## विधायक ने दिया समर्थन,प्रशासन के साथ बैठक करने का आश्वास

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। रूद्रपुर में ई रिक्शा चालको ने एआरटीओ पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। गत दिवस कई टृकटुक वाहन सीज करने भड़के ई-रिक्शा चालकों ने परिवहन विभाग पर वाहन से अधिक टैक्स वसूलने का विरोध करते हुए संचालन बंद रखा। उन्होंने मोदी मैदान में प्रदर्शन कर टैक्स माफी की मांग की। वहीं भारी हंगामे के बाद मौके पर विधायक शिव अरोरा पहुंचकर समर्थन दिया। इस दौरान ई रिक्शा चालकों ने उन्होंने शहर में नो एंट्री की पाबंदी हटाने के साथ ही चेकिंग के नाम पर हो रहे उत्पीड़न को रोकने की मांग भी उठाई। शनिवार को ई-रिक्शा चालकों ने मोदी मैदान में प्रदर्शन किया। कहा कि कई सालों से उनसे किसी प्रकार का रोड टैक्स नहीं लिया जाता था लेकिन अब एआरटीओ रोड टैक्स के नाम पर प्रति वाहन पिछला बकाया मिलाकर 20 हजार रुपये से लेकर 70 हजार रुपये जमा करने का दबाव बना रहे हैं। उनका कहना है कि नियमों के तहत एक साल का 3200 रुपये रोड टैक्स लिया जाता है और टैक्स जमा न करने पर 1300 रुपये का जुर्माना लिया जाता है। रोजाना पुलिस और एआरटीओ रोड टैक्स जमा नहीं होने पर ई- रिक्शा सीज कर रहे हैं। कुछ ई रिक्शा इतने पुराने हो चुके हैं कि उनकी कीमत से ज्यादा रोड टैक्स लिया जा रहा है। उन्होंने नो एंट्री की पाबंदी हटाने और समय बढ़ाने की भी मांग उठाई है। कहा कि शहर के कई क्षेत्रों में सुबह आठ से पहले और शाम को आठ बजे बाद ई रिक्शा के संचालन पर रोक लगाई गई है। वहां पहुंचे विधायक शिव अरोरा ने ई रिक्शा चालकों को परिवहन विभाग और प्रशासन के साथ बैठक कर समस्या का निस्तारण करने का आश्वास दिया। वहां पर राधेश शर्मा, सोबी दास, राजू, राजा, धर्मपाल, बबलू, कमलेश कुमार, दिनेश, विनोद, राजेश सहित अनेक मौजूद रहे। एआरटीओ प्रशासन चक्रपाणि मिश्र के अनुसार अचानक से ई-रिक्शा पर रोड टैक्स नहीं लगाया गया है। हो सकता कुछ चालकों को टैक्स को लेकर जानकारी न हो। जो भी टैक्स लिया जा रहा है वह विभाग की ओर से तय है। इस टैक्स को भरना अनिवार्य है। टैक्स ना भरने की स्थिति में वाहन स्वामी को जुर्माना देना होगा।



# भाजपा अनुसूचित मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष अश्वनी कुमार पर मुकदमा दर्ज

## मेरी छवि को धूमिल करने किया जा रहा प्रयास: अश्वनी

गदरपुर(उद संवाददाता)। पुरानी रंजिश के चलते गदरपुर के वार्ड नंबर 4 में घर में घुसकर मारपीट का आरोप लगाते हुए सौंपी गयी तहरीर के आधार पर पुलिस ने भाजपा अनुसूचित मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष के खिलाफ केस दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अलका पत्नी विजयपाल निवासी वार्ड नंबर 4 ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसका पति नगर पालिका में सफाई का कार्य करता है जिसका पड़ोसी अश्वनी कुमार पुत्र राजेंद्र कुमार पूर्व से ही उनसे रंजिश रखता है जो पहले भी गाली गलौज कर चुका है महिला ने तहरीर में बताया कि 28 सितंबर रात्रि 9बजे रजत कुमार उर्फ अश्वनी कुमार शुभम उर्फ गोलू राजेंद्र कुमार हाथ में लाठी डंडों से लैस होकर उसके घर में घुस आए और मारपीट शुरू कर दी शोर मचाने पर उसके देवर ने किसी तरह उन्हें बचाया जिस पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए पुलिस ने शिकायत के आधार पर रजत कुमार उर्फ अश्वनी, शुभम पुत्र गण राजेंद्र कुमार, वह राजेंद्र कुमार सहित तीन लोगों के खिलाफ धारा 324,452, 504,506 के तहत अभियोग पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है, वहीं दूसरे पक्ष के अश्वनी कुमार का कहना है कि कुछ दिनों से वह व्यक्ति मोहल्ले में अर्धनग्न होकर गाली गलौज कर रहा था जिसकी वीडियो भी हमारे पास उपलब्ध है हमारे ऊपर मारपीट का आरोप गलत है, एक सफेदपोश व्यक्ति के संरक्षण में मेरी छवि को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है पुलिस जांच कर रही है जांच में सही तथ्य सामने आएंगे।

# घर में घुसकर दबंग ने की रूपयों की डिमांड

## पीड़ित परिवार को सता रही है अनहोनी की आशंका

काशीपुर(उद संवाददाता)। दबंग किस्म के एक व्यक्ति ने सरे शाम घर में घुसकर गाली गलौज करते हुए रंगदारी की डिमांड कर दी। गृह स्वामिनी ने जब इसका विरोध किया तो गाली गलौज के साथ उसे अश्लील इशारे किए गए। शोर शराबा सुनकर जब पति कमरे से बाहर आया तो उसके साथ गाली-गलौज करते हुए दबंग ने डिमांड ना पूरी होने की स्थिति में मौत के घाट उतारने की धमकी दी। घटना के बारे में अपर पुलिस अधीक्षक को तहरीर देकर मोहल्ला खालसा विशाल बेकरी के पास काशीपुर निवासी कीर्ति सक्सेना पत्नी संदीप सक्सेना ने बताया कि बीते 6 अक्टूबर की शाम लगभग 5:45 बजे जब वह घर में मौजूद थी इसी दौरान मोहल्ला रहमखानी निवासी एक व्यक्ति अचानक घर में आ धमका। महिला ने पुलिस को बताया कि मोहल्ले का होने के कारण उसने जब उसे अंदर बुलाया तो वह पति के बारे में पूछताछ करते हुए गाली गलौज करने लगा। इस दौरान दबंग व्यक्ति ने रूपयों की डिमांड की। महिला का आरोप है कि विरोध करने पर आरोपी ने बदतमीजी करते हुए उसे अश्लील इशारे किए। शोर शराबा होने पर जब पति कमरे से बाहर आया तो आरोपी ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए उसे मौत के घाट उतारने की धमकी दी। महिला ने पुलिस अधिकारी को दी तहसील में बताया कि उसके पति अक्सर कामकाज के सिलसिले में घर से बाहर रहते हैं ऐसे में अपराधी किस्म के व्यक्ति से उसे तथा उसके परिवार को जान का खतरा है। मामला संज्ञान में आने पर पुलिस घटना की जांच में जुटी है।

# राईस मिलों की बर्बादी का कारण बन रहा फोर्टीफाइड राइस: अग्रवाल

नानकमत्ता (उद संवाददाता)।उत्तराखंड राइस मिल एसोसिएशन के प्रदेश सचिव उमेश अग्रवाल ने जारी बयान में कहा कि फोर्टीफाइड राइस देश की राइस मिलों को बर्बादी के कगार पर ले आया है। जिससे मिलें बन्दी के कगार पर आ गई हैं। धान का नया सीजन शुरू हो गया है परंतु जो चावल पिछले साल पिछले सीजन में उतरा था उसको उच्च एफसीआई फोर्टीफाईड चावल की क्वालिटी के नाम पर 6 से 8 महीने बाद फेल कर चावल को वापिस उठाने को बोला जा रहा है तथा चावल का पैसा भी 6 महीने से रोक रखा है जबकि फोर्टीफाइड चावल मिल वालों को खाद्य विभाग के द्वारा ऑथराइज्ड डीलर से दिया जाता है और मिल वाले इसी फोर्टीफाइड चावल को 1 कुंतल में एक किलो मिलाते हैं। ग्रामीण महिलाएं इस फोर्टीफाइड चावल को प्लास्टिक का दाना समझ कर फेंक देती हैं । उमेश अग्रवाल ने बताया कि पिछले 60,70 सालों से सरकार मिलर से चावल ले रही है कभी कोई इस तरह की दिक्कत नही आई। चावल को अभी तक मौके पर ही पास, फेल किया जाता रहा है परंतु जब से फोर्टीफाइड राइस आया है ये मिलो के लिए फांसी का फंदा बन गया है । भारतीय खाद्य विभाग जिस भी एजेंसी से फोर्टीफाइड चावल लेकर मिल वालो को देता उनको कुछ न कह कर मिल वालों को बेवजह प्रताड़ित कर रही है ।

# घर में सो रही युवती को सांप ने डसा, मौत

सितारगंज(उद संवाददाता)। सितारगंज में घर के भीतर सो रही एक युवती को सांप ने डंस लिया। जिस कारण युवती की मौत हो गई। हालांकि पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का सही कारण स्पष्ट होगा। सांप के काटने से मौत हुई होगी तो मुआवजे दिया जाएगा। परिजन रात 2 बजे युवती को बेहोश देख अस्पताल लेकर गए ।शुक्रवार रात चंद कॉलोनी सिडकुल बाईपास निवासी हरीश चंद की पुत्री भावना (19) घर में सो रही थी। रात करीब दो बजे बेटी को बेहोश देखकर परिजन उसे अस्पताल लेकर आए। यहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। भावना के पैर में सांप के काटने का निशान था। जिससे उसकी सांप के डंसने से मौत होना माना जा रहा है। इसकी सूचना वन विभाग को दी गई। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। घर में सांप की खोजबीन की, लेकिन सांप सुराग नहीं लगा। बाराकोली रेंज के डिप्टी रेंजर धीरेन्द्र पंत ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का सही कारण स्पष्ट होगा। सांप के काटने से मौत हुई होगी तो मुआवजे दिया जाएगा।

# भंजुराम अमर इंटर कालेज में जनपद स्तरीय संस्कृत प्रतियोगिता 11 से

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड संस्कृत अकादमी हरिद्वार द्वारा जनपद स्तरीय संस्कृत प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 11 एवं 12 अक्टूबर को भंजुराम अमर इण्टर कॉलेज भूरारानी में किया जा रहा है। जिसमे जनपद के सातों ब्लाकों की चयनित टीमें प्रतिभाग करेंगी। यह जानकारी देते हुए स्थल संयोजक विद्यालय के प्रधानाचार्य एनएल गंगवार ने बताया कि इस प्रतियोगिता में संस्कृत नाटक, समूहगान, समूहनृत्य, वाद-विवाद, श्लोक उच्चारण, आशु भाषण छह वर्गों, के अंतर्गत प्रतिस्पर्धा होगी। 11 अक्टूबर को कनिष्ठ व 12 अक्टूबर को वरिष्ठ वर्ग की प्रतियोगिताएं होंगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का उघ्द्घाघाटन महामण्डलेश्वर परम पूज्य स्वामी धर्मदेव जी महाराज द्वारा किया जाएगा। अध्यक्षता भरत भूषण चुघ, प्रदेश सह संयोजक चुनाव समिति भाजपा द्वारा की जाऐगी प्रतियोगिता का संचालन सुभाष चन्द्र मिश्र जिला संयोजक ऊधम सिंह नगर द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम में रमेश चन्द्र आर्य मुख्य शिक्षा अधिकारी ऊधम सिंह नगर, राजेन्द्र सिंह खण्ड शिक्ष अधिकारी रुद्रपुर, डा. सुरेश गांधी प्रबन्धक भंजुराम अमर इण्टर कॉलेज, मोहन खेड़ा पार्षद वार्ड 32 विशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

# सेवा सप्ताह के रूप में मनाई जाएगी अग्रसेन जयंती

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अग्रकुल शिरोमणि महाराज अग्रसेन जी की जयंती के अवसर पर श्री अग्रवाल सभा, अग्रवाल युवा संगठन और अग्रवाल महिला समिति के संयुक्त तत्वाधान में एक सप्ताह तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। अग्रवाल युवा संगठन की बैठक में निर्णय लिया कि महाराज अग्रसेन की जयंती को एक सप्ताह तक सेवा कार्यो के रूप में मनाया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर समीक्षा की गई और हर कार्यक्रम के संयोजक नियुक्त किये गए। अग्रवाल युवा संगठन के मीडिया प्रभारी अभि अग्रवाल ने बताया कि बैठक में अग्रसेन जयंती सप्ताह को सेवा सप्ताह के रूप में मनाने पर विचार हुआ। बैठक में तय हुआ कि 9 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक कार्यक्रम होंगे जिसकी शुरुआत प्रकृति पूजन से होगी। प्रकृति के प्रति धन्यवाद देते हुए ग्रीनपार्क कॉलोनी में पौधारोपण किया जाएगा। कार्यक्रम में 18 गोत्रों के नाम से 18 पौधे रोपे जाएंगे। 10 अक्टूबर को श्रमिक बंधुओ हेतु अग्रसेन चौक पर प्रात: भंडारे का आयोजन किया जाएगा। तीसरे दिन अग्रवाल सभा में कृष्णा अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सको द्वारा निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया जाएगा



जिसमें निर्धन वंचितो का उपचार, विभिन्न जांचे तथा निशुल्क दवाई और चश्मों का वितरण भी किया जाएगा। सप्ताह के चौथे दिन अग्रवाल युवा संगठन के सदस्यों में मध्य द्रोण कॉलेज में मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन किया जाएगा। इसके अगले दिन 13 अक्टूबर को शहीद ऊधम सिंह ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। 14 अक्टूबर को स्टेडियम तथा कलेक्ट्रेट परिसर में मैराथन दौड़ का आयोजन किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता करते हुए संगठन के अध्यक्ष अमित जिंदल ने सभी सदस्यों को दिशा निर्देश दिए और सभी सदस्यों से कार्यक्रम में जुटने का आह्वाहन किया। बैठक में अग्रवाल युवा संगठन के अध्यक्ष अमित जिंदल, महामंत्री विनय बंसल, कोषाध्यक्ष सीए सूरज अग्रवाल, विकास जिंदल, मोहित अग्रवाल, श्रीओम अग्रवाल, आयुष गर्ग, ध्रुव सिंघल, पुलकित गर्ग, सिद्धांत अग्रवाल, साकेत अग्रवाल, अनिकेत जिंदल, अंकित अग्रवाल, शुभम गर्ग, अनुज अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, हिमांशु जिंदल, प्रवेश गोयल, मुकुल मित्तल, अंकित अग्रवाल, वैभव मित्तल, अमन अग्रवाल, वत्सल अग्रवाल, अमन मित्तल, शोभित अग्रवाल, राहुल बंसल, अभि अग्रवाल समेत युवा संगठन के सभी सदस्य उपस्थित थे।

# जागेश्वर और पूर्णागिरि मंदिर का मास्टर प्लान बनाने का काम शुरू

## कुमाऊं मंडल के 48 प्राचीन मंदिरों में अवस्थापना विकास कार्य किए जाएंगे

देहरादून। मानसखंड मंदिर माला मिशन के तहत अल्मोड़ा के जागेश्वर और चंपावत जिले के पूर्णागिरी मंदिर का मास्टर प्लान बनाने का काम शुरू हो गया है। केदारनाथ और बदरीनाथ की तर्ज पर इन मंदिरों में अवस्थापना विकास के काम किए जाएंगे। पहले चरण में 16 मंदिरों को पर्यटक सुविधाओं के लिए विकसित किया जाएगा। पर्यटन और तीर्थाटन को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार ने केदारनाथ और बदरीनाथ धाम की तर्ज पर मानसखंड मंदिर माला मिशन के तहत कुमाऊं मंडल के 48 प्राचीन मंदिरों में अवस्थापना विकास कार्य किए जाएंगे। पहले चरण में 16 मंदिरों को शामिल किया गया। जागेश्वर और पूर्णागिरी मंदिर का मास्टर प्लान बनाया जा रहा है। इस योजना के तहत मंदिरों के स्वरूप के साथ कोई छेड़छाड़ नहीं की जाएगी। मंदिर परिसर से एक से दो किमी. के दायरे में पार्किंग सुविधा, अप्रोच रोड, पीने के पानी, बिजली, शौचालय, कम्युनिटी हॉल, प्रसाद व भंडारा गृह, जूते रखने का स्थान समेत अन्य कार्य किए जाएंगे। मानसखंड मंदिर माला मिशन के तहत पहले चरण में अल्मोड़ा के जागेश्वर धाम, चितई गोलज्यू मंदिर, सूर्यदेव मंदिर, कसार देवी, नंदा देवी, पिथौरागढ़ जिले में पाताल भुवनेश्वर गंगोलीहाट, हाटकालिका मंदिर, बागेश्वर जिले में बागनाथ महादेव, बैजनाथ मंदिर, चंपावत में पाताल रुद्रेश्वर गुफा, पूर्णागिरी मंदिर, देवीधुरा बाराही देवी मंदिर, बालेश्वर मंदिर, नैनीताल जिले में नैना देवी, कैंची धाम मंदिर, ऊधमसिंह नगर जिले में चौती बालसुंदरी मंदिर की डीपीआर तैयार की जा रही है। जबकि मिशन के तहत कुल 48 मंदिरों में पर्यटक सुविधाओं व सौंदर्यीकरण के लिए अवस्थापना विकास के काम किए जाएंगे।मास्टर प्लान और डीपीआर बनाने में मंदिर समितियों, स्थानीय लोगों, विषय विशेषज्ञ, जिला प्रशासन से सुझाव लिए जा रहे हैं। जिसके आधार पर कंसलटेंसी कंपनी अवस्थापना विकास के प्लान को अंतिम रूप देगी।

# मध्य क्षेत्रीय राज्यों को मिले तकनीकी एवं वित्तीय सहयोग

## कुमांऊ मंडल में टनकपुर से बागेश्वर रेलवे लाईन का निर्माण किया जाना सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण : धामी






### ❑मध्य परिषदीय बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दिया सीमांत क्षेत्रों में अवस्थापना सुविधाओं के लिये केंद्र से तकनीकी सहयोग और बरसाती नदियों को ग्लेशियर आधारित नदियों से जोड़ने का सुझाव

### ❑सीएम योगी आदित्यनाथ ने मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25वीं बैठक काशी विश्वनाथ की नगरी में आयोजित किये जाने का भी प्रस्ताव रखा

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को नरेंद्रनगर में मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में प्रतिभाग करते हुए केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह व अन्य महानुभावों का स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने इस महत्वपूर्ण बैठक को उत्तराखण्ड में आयोजित करने हेतु केंद्रीय गृह मंत्री का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्य क्षेत्रीय परिषद केंद्र तथा राज्यों के मध्य आपसी सहयोग एवं समान प्रकार के मामलों में सेतु के समान है। परिषद आपसी विचारों एवं अनुभवों को साझा करने का भी सशक्त माध्यम है। मुख्यमंत्री ने उत्तराखण्ड से संबंधित कतिपय नीतिगत विषयों का उल्लेख करते हुए कहा कि उत्तराखण्ड का 71 प्रतिशत भूभाग वन क्षेत्र से आच्छादित है। उत्तराखण्ड में पर्यावरणीय प्रतिबंधों के कारण विकास कार्यों के संचालन में कतिपय कठिनाइयां रहती हैं, जबकि हमारे आर्थिक संसाधन भी सीमित हैं। मुख्यमंत्री ने सुझाव दिया कि वैज्ञानिक आधार पर बरसाती नदियों को ग्लेशियर आधारित नदियों से जोड़ने का अभिनव प्रयास किया जाना चाहिए, इसका लाभ न केवल उत्तराखण्ड को बल्कि पूरे देश को होगा। उन्होंने इसके लिये उत्तराखण्ड सहित अन्य मध्य क्षेत्रीय राज्यों को केंद्र सरकार से तकनीकि एवं वित्तीय सहयोग दिये जाने पर भी उन्होंने बल दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें अपने सीमांत क्षेत्रों में अवस्थापना सुविधाओं को मजबूत करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि ऑल वेदर रोड के अन्तर्गत राज्य में तेजी से काम हो रहा है परन्तु इसे सीमान्त क्षेत्र तक बढ़ाने की आवश्यकता है। ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेलवे लाइन की तर्ज पर राज्य के दूसरे मण्डल में टनकपुर से बागेश्वर रेलवे लाइन का निर्माण किया जाना भी सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण होगा। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड का आपदाओं जैसे भूस्खलन, अतिवृष्टि, वनाग्नि, ग्लेशियर खिसकना इत्यादि से चोली दामन का साथ है। इसके लिये राज्य को एक सशक्त वेदर फोर कास्टिंग सिस्टम, डॉप्लर रडार सहोगी युक्त अवस्थापना की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2023 को अन्तर्राष्ट्रीय मिलेट ईयर घोषित किया गया है, अतः मिड डे मील में अनिवार्य रूप से बच्चों को मिलेट प्रदान किया जाए ताकि बच्चे स्वस्थ रहें। उन्होंने इस संबंध में शिक्षा मंत्रालय तथा खाद्य मंत्रालय के समन्वय से समुचित कार्यवाही किए जाने का अनुरोध किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25वीं बैठक काशी विश्वनाथ की नगरी में आयोजित किये जाने का भी प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा कि मानसून के दौरान उत्तराखण्ड व हिमाचल के साथ हिमालयी राज्यों को आपदा का सामना करना पड़ा है। अब कई नए क्षेत्र भी इसमें शामिल हो रहे हैं। उन्होंने नदियों के केचमेंट एरिया को सुरक्षित किए जाने के साथ ही नदियों के चैनलाइजेशन की दिशा में पहल किये जाने की बात कही। इस अवसर पर उत्तराखंड सरकार में कैबिनेट मंत्री श्री प्रेम चंद अग्रवाल, श्री सुबोध उनियाल, मुख्य सचिव डॉ. एस.एस सन्धु के साथ ही सचिव गण उपस्थित थे।

# केन्द्रीय गृहमंत्री ने आपदाओं और वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम की समीक्षा

### प्रत्येक जनपद में 5 पैक्स में प्रधानमंत्री जनऔषधी केंद्र खुलेंगे 1845 करोड़ रूपये की सहायता राशि जोशीमठ के लिए मंजूर

देहरादून(उद संवाददाता)। केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के साथ उत्तराखण्ड में सहकारिता, आपदा प्रबंधन, गृह विभाग, वाइब्रेंट विलेज की समीक्षा करते हुए महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि राज्य के समस्त 670 पैक्स में कॉमन सर्विस सेन्टर के साथ ही प्रत्येक जनपद में 5 पैक्स में प्रधानमंत्री जनऔषधी केंद्र खोले जाएंगे। साथ ही प्रत्येक पैक्स में प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र भी खोले जाएंगे। केंद्रीय गृह मंत्री ने जोशीमठ आपदा के संबंध में भी राज्य के अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर भारत सरकार द्वारा जो 1845 करोड़ रूपये की सहायता राशि जोशीमठ के लिए मंजूर की गई है, उसके लिए उनके द्वारा सहमति प्रदान की गई। केंद्रीय गृह मंत्री द्वारा आपदाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त करने के लिए अर्ली वार्निंग सिस्टम लागू करने को लेकर भी निर्देश दिए गए। केंद्रीय गृह मंत्री को अवगत कराया गया कि राज्य द्वारा मल्टी हजारडस अर्ली वार्निंग सिस्टम विकसित किया जा रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री ने गृह विभाग की भी समीक्षा बैठक के दौरान सीमा प्रबंधन से लेकर आपदा प्रबंधन, आईटी एक्ट, फायर सर्विसेज, जेल विभाग, प्रॉसिक्यूशन इत्यादि को लेकर जानकारी प्राप्त की। केन्द्रीय गृहमंत्री द्वारा वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम की भी समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में बताया गया कि राज्य के तीन जनपदों चमोली, उत्तरकाशी तथा पिथौरागढ़ के 5 विकासखंडों के 51 गांवों को वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के तहत चिन्हित किया गया है।



# दुनिया से मैं हारा तो आया तेरे द्वार

## श्री बालाजी मंदिर दिनेशपुर में सजा श्री बालाजी महाराज का विशाल दरबार

दिनेशपुर(उद संवाददाता)। श्री बालाजी मंडल दिनेशपुर के महंत श्री राजेन्द्र अग्रवाल के सानिध्य में श्री बालाजी महाराज का विशाल दरबार श्री बालाजी मंदिर, दिनेशपुर में भक्तों द्वारा सामूहिक रूप से सजाया गया। जहां दूर दराज से पहुंचे भक्तों ने दरबार में पहुंचकर अपनी अपनी हाजिरी लगाई एवं भजनों का भरपूर आनंद लिया। दरबार का शुभारंभ विधिवत रूप से ज्योत प्रज्वलित कर श्री गुरु वंदना, श्री गणेश वंदना, श्री प्रेतराज जी की आरती, श्री हनुमान चालीसा,आज शनिवार है महावीर का वार है भजन से हुआ। दरबार में पहुँचने पर महन्त श्री अग्रवाल का भक्तो द्वारा फूल मालायें पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। महंत जी ने मनवा होजा दीवाना रे श्री बालाजी के चरणो में आदि भजन सुनाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके पश्चात महंत जी पर दूत महाराज का आवाहन हुआ एवं सभी भक्तों ने दूत महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। वही भजनों की श्रृंखला में शिव कुमार ने श्री राम जय राम जय जय राम, लवी अरोरा ने जैसा चाहो मुझको समझना, अजय जायसवाल ने दुनिया से मैं हारा तो आया तेरे द्वार, पवन खेड़ा जरा घूमने तो घाटे चलिये, सुनील कुमार ने लगन तुमसे लगा बैठे, संजीव



कुमार ने भोले बाबा ने ऐसा बजाया डमरू, महेंद्र बंसल ने साथी हमारा कौन बनेगा, गौरव अग्रवाल ने जय जय जय जय हनुमान जी राम राम, आदि भजन सुनाकर सबको भक्तिमय कर दिया। उसके पश्चात बाबा का पच्चीसा हुआ एवं श्री सीताराम जी की, श्री बालाजी महाराज जी की, श्री भैरव बाबा की आरती हुई एवं बाबा की आरती के छीटें एवं बाबा का भोग लगाने के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर पंडित दिनेश पाठक, नरेश ग्रोवर, बिट्टू ग्रोवर, विजय चिलाना, अजय जायसवाल, प्रेमपाल सिंह, निहाल सिंह, हरनाम सिंह, धरमपाल सिंह, अमर दीप, संजय सिंह, संजय जैन, सोनू कक्के, भोपाल सिंह, संजय चंद्रा, खरैत कुमार, सौरभ अग्रवाल, राजकुमार वर्मा, शिव कुमार, लवी अरोरा, धर्मवीर चौधरी, सन्नी नारंग, हरीश कुमार, राजू सैनी, अंश अरोरा, भारत शर्मा, सत्यम जयसवाल, शंकर विश्वास, शिवम् कुमार, सीए. हेमंत अरोरा, परमजीत, राजपाल सूंघ, दीपु सैनी, प्रतीक मौर्या, सन्नी नारंग, सोनू कक्के, नोनी ग्रोवर, काली ग्रोवर, रामनारायण मिश्र, नीरज रस्तोगी, कीमती लाल, सचिन रस्तोगी, धीरज रस्तोगी, अमित अग्रवाल, माधव खुराना, संदीप अग्रवाल, उमेश कुमार, वैभव ग्रोवर, गौरव शर्मा, बँटी कालरा, आशु सुखीजा, केसर पाहवा, अमित अग्रवाल, वेदप्रकाश श्रीवास्तव, विनय श्रीवास्तव, हरीश श्रीवास्तव, उदय रस्तोगी, शुभम् रस्तोगी, बबलू रस्तोगी, अंटू रस्तोगी, पवन अरोरा, सुरेश मित्तल, दीपक घई, मनीष गोयल, शिवम् अरोरा, मोहित नारंग एवं गौरव अग्रवाल आदि सैकड़ों भक्त मौजूद थे।

# नाबालिग से दुराचार के आरोपी को दस वर्ष का कठोर कारावास

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। पॉस्को न्यायाधीश अश्वनी गौड़ ने नाबालिग लड़की को भगा ले जाकर उसके साथ दुराचार करने के आरोपी को 10 वर्ष के कठोर कारावास और 40 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुना दी। विशेष लोक अभियोजक विकास गुप्ता ने बताया कि जसपुर थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने 28.12.2020 को रिपोर्ट दर्ज करवाते हुए कहा कि बीती शाम करीब 5 बजे उनकी 15 वर्षीय नाबालिग पुत्री जसपुर बाजार गयी थी लेकिन लौट कर नहीं आयी रात क रीब 9 बजे उनकी भांजी के मोबाइल पर कॉल आयी,पुत्री ने पूछा कि पापा घर आ गए हैं या नहीं लेकिन पूछने पर उसने यह नहीं बताया कि वह कहाँ और किस के साथ है ।पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी और 06.01.2021 को लड़की को मुजफ्फरनगर (यूपी) के एक गाँव से बरामद कर लिया साथ में उसे भगा कर ले जाने वाले ग्राम नारायणपुर थाना जसपुर निवासी विवेनदर उर्फ वीरेन्द्र पुत्र सोमपाल को भी गिरफ्तार कर लिया। लड़की ने बताया कि विरेंद्र उसको जसपुर से मुरादाबाद और वहाँ से मुजफ्फरनगर (यूपी) के एक गाँव में ले गया था जहां उसके साथ जबरन एक बार दुराचार किया था,लड़की ने अपना मेडिकल परीक्षण कराने से इनकार कर दिया।आरोपी के विरूद्ध पॉकसो न्यायाधीश अश्वनी गौड़ के कोर्ट् में मुकदमा चला जिसमें एडीजीसी विकास गुप्ता ने 6 गवाह पेश कर आरोप सिद्ध कर दिया जिसके बाद पॉस्को न्यायाधीश अश्वनी गौड़ ने वीरेन्द्र को धारा 3/4 पॉस्को एक्ट में 10 वर्ष के कठोर कारावास और 25 हजार रुपये जुर्माने,धारा 363 में 5 वर्ष के कठोर कारावास और 5 हजार रुपये जुर्माने एवं धारा 366 भा०द०सं० में 7 वर्ष के कठोर कारावास और 10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुना दी साथ ही कहा कि जुर्माने की धनराशि में से 30 हजार रुपये पीडिता को दिये जायेगें।पॉस्को न्यायाधीश अश्वनी गौड़ ने सरकार को निर्देश दिए कि पीडिता को क्षतिपूर्ति के रूप में 3 लाख रुपये प्रदान करें ।

# आरएएन पब्लिक स्कूल में जोनल वॉलीबॉल टूर्नामेंट आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।आर. ए. एन. पब्लिक स्कूल के प्रांगण में इंटरेक्ट क्लब रुद्रपुर के तत्वाधान में 'इंट्रा



जोनल इंटरेक्ट वॉलीबॉल टूर्नामेंट' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आठ विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। अंडर 18 आयु वर्ग वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारम्भ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि 'इंटरेक्ट क्लब' के अध्यक्ष हेमंत सिंगल, इंटरेक्ट क्लब के जिला निदेशक अनिल जोशी, विद्यालय संस्थापक विंग कमांडर एच. के. राय, प्रबंधक मोहित राय, संचालिका श्रीमती निधि राय,रोटेरियन सोनी, सुमित बहल, डॉ दीपक भट्ट आदि की उपस्थिति में करतल ध्वनियों के साथ मार्च पास्ट करते हुए हुआ। भिन्न-भिन्न टीमों का प्रदर्शन देखते ही बन पड़ा। सभी प्रतिभागियों की प्रस्तुति सराहनीय रही। विजेताओं को मेडल, ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र पुरस्कार के रूप में वितरित किए गए। बालक वर्ग में प्रथम स्थान पर गुरु नानक पब्लिक स्कूल टीम रही तथा द्वितीय स्थान पर आर. ए. एन. पब्लिक



स्कूल, भूरारानी टीम रही। बालिका वर्ग में प्रथम स्थान पर आर. ए. एन. पब्लिक स्कूल, भूरारानी टीम रही तथा द्वितीय स्थान पर आर. ए. एन. पब्लिक स्कूल, बिलासपुर टीम रही टूर्नामेंट में प्रशंसनीय बालिका खिलाड़ी का पुरस्कार आर. ए. एन. पब्लिक स्कूल, भूरारानी की ऋषिका भट्ट को मिला तथा बालक खिलाड़ी का पुरस्कार गुरुनानक पब्लिक स्कूल के अभिषेक को मिला। अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती भावना भनोट एवं प्रबंधक मोहित राय ने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए, विजेताओं को शुभकामना दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की। इस प्रकार हर्षोल्लास भरे वातावरण में सूक्ष्म जलपान एवं दोपहर भोज्य के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# प्रश्न मंच प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज प्रथम

गदरपुर (उद संवाददाता)। भारत विकास परिषद शाखा की ओर से बजाज कॉलेज आफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी गदरपुर में 'भारत को जानो' प्रतियोगिता के द्वितीय चरण में श्शाखा स्तरीय प्रश्न मंच और गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और वंदे मातरम गीत से हुई। प्रश्न मंच में 25 अगस्त को विद्यालयों में हुई लिखित परीक्षा में सम्मिलित हुए छात्रों में से प्रथम और द्वितीय स्थान पर रहे वरिष्ठ वर्ग में सात विद्यालयों के और कनिष्ठ वर्ग में नौ विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग लिया। वरिष्ठ और कनिष्ठ दोनों वर्गो में प्रथम स्थान सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज और द्वितीय स्थान लायंस पब्लिक स्कूल ने प्राप्त किया





प्राप्त किया। एस एस पब्लिक स्कूल ने भी सीनियर वर्ग में संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया। दोनों वर्गों में प्रथम स्थान पर रहने वाली सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की टीमें 29 अक्टूबर 2023 को खटीमा में होने वाले प्रांतीय प्रश्न मंच कार्यक्रम में गदरपुर का प्रतिनिधित्व करेंगी। गुरु वंदन एवं छात्र अभिनंदन कार्यक्रम में 12 विद्यालयों द्वारा नामित सर्वश्रेष्ठ अध्यापक/ अध्यापिका एवं सर्वश्रेष्ठ छात्र/ छात्रा को सम्मानित किया गया। आज के कार्यक्रम के अध्यक्ष पवन बजाज एम डी बजाज कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी, मुख्य अतिथि सतीश मुंजाल अध्यक्ष सीड प्लांट एसोसिएशन, विशिष्ट अतिथि राजेश बजाज महामंत्री आड़ती एसोसिएशन थे। कार्यक्रम प्रांतीय पर्यवेक्षक डॉ विश्वनाथ की देख रेख में संपन्न हुए। मंच का संचालन वरिष्ठ सदस्य सतीश बत्रा के द्वारा किया गया। शाम को भारत विकास परिषद की प्रांतीय कार्यकारणी की बैठक भी गदरपुर शाखा के आतिथ्य में संपन्न हुई। कार्यक्रम के अन्त में रास्ट्रीय गान के पश्चात अल्पाहार वितरण किया गया। कार्यक्रम में भारत विकास परिषद गदरपुर के शाखा अध्यक्ष डॉ प्रमोद कुमार गगनेजा, सचिव प्रमोद बजाज, कोषाध्यक्ष संजीव अनेजा, महिला संयोजिका श्रीमती ज्योति ग्रोवर, उपाध्यक्ष गौरव मदान, गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम के प्रांतीय संयोजक दीपक सुधा, शाखा संयोजक राकेश भुड्डी, भारत को जानो कार्यक्रम के प्रकल्प संयोजक द्रोण बाजपेई, वरिष्ठ सदस्य अशोक भुड्ड़ी, जीवन मदान, विनोद चुघ, राकेश गगनेजा, राजीव ग्रोवर के साथ-साथ परिषद के सभी सदस्य मौजूद रहे।

# विधायक बेहड़ ने धौराडाम क्षेत्र में किया जनसंवाद

किच्छा(उद संवाददाता)। विधायक तिलक राज बेहड़ ने धौराडाम क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने जीरो बंदा,गुरद्वारा रोड,चीमा लेंन,प्रधान लेन,दीवान झाला,बंगाली कलौनी, कोटखर्रा,अमर सिंह लेंन में पहुंचकर जनसंपर्क किया व क्षेत्रवासियों से मुलाकात की उनकी समस्याओं को सुना व निस्तारण किया। इस दौरान सभी ग्रामवासियों ने अपने अपने क्षेत्रों में विधायक बेहड़ का स्वागत किया व अपने अपने क्षेत्रों की समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान मुख्य रूप से राशन कार्ड,जॉब कार्ड,विद्युत सम्बन्धी समस्याओं से अवगत कराया तथा 11000 वोल्टेज के मामला से अवगत कराया,कोटखर्रा में पूर्व में विधायक बेहड़ द्वारा बनायीं गयी 900 मीटर सड़क की मरम्मत की मांग लोगों ने रखी,अमर सिंह लेंन में 250 मीटर सड़क की मांग,बंगाली कलौनी में 100 मीटर सड़क,अनुसूचित क्षेत्र में बरात घर आदि बनाने की लोगो ने मांग रखी, तथा प्रधान के प्रति लोगो ने रोष प्रकट किया।कुछ ग्राम वासियों द्वारा बीमा कम्पनी द्वारा धोखाधड़ी किये जाने के मामले से विधायक बेहड़ को अवगत कराया। विधायक बेहड़ ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना और अधिकांश समस्याओं का मौके पर निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया तथा धौराडाम क्षेत्र में विधायक निधि से 15 विद्युत पोल लगाये जाने,बंदा क्षेत्र में बाउंड्रीवॉल का निर्माण, 500 मीटर छोटी-छोटी सी०सी० सड़क का निर्माण कराये जाने,प्रधान लेंन में 500 मीटर सड़क का निर्माण कार्य जाने,दीवान झाला में 300 मीटर सड़क का निर्माण कराये जाने,दीवान झाला में 1 कमरे का निर्माण तथा अंबेडकर द्वार का सौंदर्यीकरण निर्माण विधायक निधि से कराये जाने की घोषणा की तथा इस दौरान विधायक बेहड़ ने कहा पूर्व में भी उनके कार्यकाल में ही यहाँ पर अनेको विकास कार्य कराये गये थे उसके बाद किसी प्रकार का कोई नया काम यहाँ नहीं हुआ है। बेहड़ ने कहा पूर्व में उन्होंने यहाँ पर वन विभाग की जमीन पर भारत सरकार से नो ऑब्जेक्शन प्राप्त कर सड़कों का निर्माण कराया, प्राइमरी स्कूलों का निर्माण कराया तथा यहाँ पर बिजली भी उनके प्रयासों से ही आई थी तथा इस बार भी वे यहाँ तमाम विकास के कार्यो को पूरा करेंगे और यहाँ के निवासियों को तमाम सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु लगातार प्रयासरत है। इस दौरान कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष गुड्डू तिवारी, पूर्व प्रधान सुरजीत सिंह, जसविंदर सिंह, गुलशन सिंधी,बलवंत सिंह, सुन्दर सिंह, विक्रम, बसंत, भजन सिंह,बलविंदर सिंह,सपन मण्डल, बलवीर सिंह, राक्षपाल सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।



# माणा में सीएम योगी ने जवानों के साथ लगाये भारत माता के जयकारे

## माणा में जिला प्रशासन, पुलिस एवं आर्मी के अधिकारियों ने किया स्वागत

चमोली(उद संवाददाता)। खराब मौसम के कारण उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ केदारनाथ दौरा टलने के बाद बाद शनिवार देर सायं श्री बद्रीनाथ धाम पहुंचे। जहां सर्वप्रथम आर्मी हेलीपैड माणा में प्रशासन, पुलिस एवं आर्मी के अधिकारियों द्वारा उनका भव्य स्वागत उनका हौसला बढ़ाया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अचानक अपने बीच पाकर उत्साहित जवानों ने भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगाये। मुख्यमंत्री द्वारा श्री बद्रीनाथ धाम में निर्माणाधीन उत्तर प्रदेश पर्यटक आवास गृह का निरीक्षण करते हुए निर्माण कार्यों कि उत्तराखंड मेरे लिए नया क्षेत्र नही है। यह मेरी जन्मभूमि भी है। मैने अपना बचपन उत्तराखंड में ही बिताया है और जब भी मुझे उत्तराखंड आने का अवसर मिलता है तो मुझे बहुत अतंहकरण से आनंद की अनुभूति होती है मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार उत्तराखंड शयन आरती में सम्मिलित होकर उनके द्वारा भगवान बद्रीनारायण के दर्शन एवं विशेष पूजा अर्चना कर पूरे देश और प्रदेश की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। सीएम के भ्रमण से पूर्व बद्रीनाथ मंदिर परिसर में सुरक्षा के भी पुख्ता इन्तजाम किए गए थे। भ्रमण कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी





किया गया। तत्पश्चात माननीय मुख्यमंत्री द्वारा सरस्वती नदी के दर्शन कर जल ग्रहण किया गया। जिसके बाद मूसा पानी का भ्रमण कर मुख्यमंत्री महोदय भारत-चीन सीमा पर घस्तोली में तैनात आईटीबीपी के जवानों से मिले और की प्रगति की समीक्षा की गयी। उन्होंने कहा की उत्तर प्रदेश पर्यटक आवास गृह के शेष निर्माण कार्यों को जल्द पूरा किया जाए ताकि श्री बद्रीनाथ धाम में पहुँचने वाले श्रद्धालुओं को इसका शीघ्र लाभ मिल सकें। मुख्यमंत्री श्री योगी ने कहा सरकार के साथ विकास और पर्यटन की सभी संभावनाओं के साथ मिलकर कार्य करेंगी। तदोपरान्त मुख्यमंत्री के श्री बद्रीनाथ मन्दिर पहुंचने पर मंदिर परिसर में तीर्थ पुरोहितों द्वारा उनका स्वागत किया गया जिसके बाद श्री बद्री विशाल की श्री हिमांशु खुराना, पुलिस अधीक्षक चमोली श्रीमती रेखा यादव, पुलिस उपाधीक्षक श्री प्रमोद शाह, पुलिस उपाधीक्षक श्री अमित सैनी एवं पुलिस उपाधीक्षक सुश्री नताशा सिंह सहित जनपद के अन्य आला अधिकारी मौजूद रहें।

# साइबर सुरक्षा भी बहुत बड़ी रक्षा चुनौती: राज्यपाल

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शनिवार को राजभवन से एसएसजे विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा के एलएसएम कैम्पस पिथौरागढ़ द्वारा आयोजित ''21वीं सदी में भारत की रक्षा चुनौतियां'' विषय पर आयोजित दो आगे बढ़ रहा है। इन उपलब्धियों के साथ-साथ हमारे सामने अनेक चुनौतियों का भी मुकाबला कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी रक्षा चुनौतियां व्यापक, बहुआयामी और जटिल हैं। राज्यपाल ने कहा कि यह नया भारत है, हमने अपनी सीमाओं के प्रति स्पष्ट दृष्टिकोण पूरे संकल्प और उपलब्धियां बड़ी होती जा रही हैं वैसे-वैसे हमारी चुनौतियां भी बड़ी होती जा रही हैं। राज्यपाल ने कहा कि कुशल नेतृत्व से हम आतंकवाद को पूर्ण रूप से समाप्त कर सकते हैं लेकिन इस चुनौती से निपटने के लिए हमें दृढ़ संकल्प शक्ति और सामूहिक इच्छा






दिवसीय सेमिनार के उद्घाटन सत्र को वर्चुअली संबोधित किया। अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि आज 21वीं सदी का भारत प्राचीन विश्व गुरु भारत की शक्ति को पुनः प्राप्त करने और दुनिया की सबसे बड़ी युवा शक्ति के बल पर वैश्विक महाशक्ति के रूप में विश्व के सामने रखा है। आज हम आत्मनिर्भर भारत, विकसित भारत और विश्व गुरु भारत के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं। आज भारत उभरती प्रौद्योगिकी नवाचार, जलवायु परिवर्तन में नेतृत्व और आर्थिक विकास के मोर्चे पर निरंतर प्रगति कर रहा है- जैसे हमारे शक्ति की आवश्यकता है। सीमा संबंधी विवाद भी हमारे लिए बड़ी रक्षा चुनौती हैं। आज के समय में भी ये वही मुद्दे हैं जो सजगता, दूरदृष्टि, कुशल रणनीति और संवेदनशील दृष्टिकोण की मांग करते हैं। राज्यपाल ने कहा कि हमारे लिए साइबर सुरक्षा भी एक बहुत बड़ी रक्षा चुनौती है, प्रौद्योगिकी और इंटरनेट पर बढ़ती निर्भरता हमारी सुरक्षा रणनीति का अहम हिस्सा है, आने वाले समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ड्रोन टेक्नोलॉजी, मेटावर्स, ब्लॉकचेन जैसी आधुनिकतम साइबर तकनीकी, कूटनीति और रणनीति, साईबर वॉर का हिस्सा होने वाले हैं, इसलिए हमें गंभीर खतरों से निपटने के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति संवेदनशील रहना होगा। उन्होंने कहा कि हमारे लिए आंतरिक सुरक्षा भी एक बड़ी चुनौती है। उग्रवाद, सांप्रदायिक हिंसा, संगठित अपराध, जातीय तनाव, क्षेत्रीय अतिरंजित संघर्ष कानून व्यवस्था के लिए चुनौतीपूर्ण मुद्दे हैं। इन चुनौतियों से निपटने के लिए सरकार, सेना और अन्य सुरक्षा एजेंसियों द्वारा व्यापक सामूहिक दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि हमारे सभी तंत्र बहुत मजबूती के साथ कार्य कर रहे हैं।

# गोल्ड मेडल जीत निहित ने किया जनपद का नाम रोशन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नोएडा दिल्ली में आयोजित ओपन ताईकबान्डो प्रतियोगितामें ऊधम सिंह नगर के खिलाड़ी निहित राणा ने जुनियर बेट केटेगरी में स्वर्ण पदक प्राप्त कर राज्य के साथ ही जनपद का नाम रोशन किया। सितारगंज निवासी 12 वर्षीय खिलाड़ी निहित राणा ने इससे पूर्व गत माह रूद्रपुर सिटी क्लब में आयोजित प्रदेश स्तरीय ताईक्वांडो प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल हासिल किया था। अब नोएडा में गोल्ड मेडल जीतने पर जिला ताईक्वांडो संघ के महा सचिव अमित शर्मा, अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी खुशाल सिंह धपोला, सलीम मुहम्मद, एनआईएस कोच विपिन गौतम, अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी नरेश शर्मा व काशीपुर ताईक्वांडो साई कोच नीरज कुमार ने उसे हार्दिक शुभकामनाये देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कमान की।



# 27 अक्टूबर को निकलेगी भगवान वाल्मीकि की भव्य शोभा यात्रा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अखिल भारतीय वाल्मीकि समाज विकास परिषद् एवं महर्षि वाल्मीकि मन्दिर सेवा समीति रम्पुरा, जैन कालोनी एवं वाल्मीकि समाज के समस्त लोगो की बैठक नगर निगम में यूनियन सभागार में आयोजित हुई। जिसमें आगामी 28 अक्टूबर को वाल्मीकि प्रकटदिवस के उपलक्ष्य में 27 अक्टूबर दिन



शुक्रवार को सायं चार बजे से गांधी कालोनी वाल्मीकी मन्दिर से शोभा यात्रा निकालने का निर्णय लिया गया। बैठक में समस्त वाल्मीकि समाज एवं समस्त वाल्मीकी मंदिर कमेटियों ने शोभा यात्रा में बढ़-चढ़ शामिल होने व सहयोग करने आश्वासन दिया। बैठक में कमेटियों के पदाधिकारी, सदस्य तथा कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

# व्यापार मंडल प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा ने संगठन का विस्तार करते हुए प्रदेश पदाधिकारियों की सूची जारी की है। जिसमें हरिद्वार के राजन सेठ को प्रदेश मंत्री व रुड़की के प्रवीण मेहंदीरत्ता, हरिद्वार के रवि ढींगरा, अल्मोड़ा के मनीष जोशी, हल्द्वानी के दिगंबर वर्मा, नैनीताल के रवैल सिंह आनन्द व पीपलकोटी के अतुल साह को संगठन मंत्री मनोनित किया है। इस अवसर पर प्रदेश के वरिष्ठ पदाधिकारी बाबूलाल गुप्ता, अनिल गोयल, एनसी तिवारी, प्रमोद गोयल एवं समस्त पदाधिकारियों ने नव मनोनीत पदाधिकारियों को बधाई दी है।

# मुख्य बाजार से दिन दहाड़े स्कूटी चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अज्ञात वाहन चोरों ने बीते दिनों मुख्य बाजार में दिन दहाड़े स्कूटी चोरी कर ली। घटना की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में प्रिन्स अरोरा पुत्र केसर दास निवासी भूरारानी ने कहा है कि उसने अपनी स्कूटी संख्या यूके 06 एसी 5336 गत 2 अक्टूबर को सुबह करीब 10:30 बजे अपनी दुकान मैं. अरोरा ट्रेडर्स, निकट अग्रवाल धर्मशाला, रूद्रपुर के समक्ष खड़ी की थी। जब वह अपनी दुकान से बाहर आया तो देखा उसकी स्कूटी वहीं पर नही थी। जो काफी खोजबीन के पश्चात भी नहीं मिली।

## पेज एक का शेष...

**सीएम योगी पहुंचे...** पहुंचे। उन्होंने यहां पूजा अर्चना की। बता दें शनिवार को योगी आदित्यनाथ का केदारनाथ आने का कार्यक्रम था। मुख्यमंत्री के केदारनाथ धाम में आगमन को लेकर प्रशासन, पुलिस, बीकेटीसी द्वारा सभी तैयारियां की गई थी। सुरक्षा व्यवस्था को भी चाक चौबंद किया गया। सीएम योगी के स्वागत के लिए कई भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी भी केदारनाथ पहुंच गए, लेकिन मौसम ने सभी को निराश कर दिया। बदरीनाथ धाम दर्शन के बाद सीएम योगी रविवार सुबह केदारनाथ धाम के दर्शन के लिए पहुंचे। इससे पहले सीएम योगी शनिवार को भारत- तिब्बत सीमा माणा पास बार्डर घसतोली में सेना के जवानों के बीच गए थे। उन्होंने बदरीनाथ धाम में निर्माणाधीन यूपी भवन का निरीक्षण कर कार्य की प्रगति जानी। उन्होंने उत्तर प्रदेश के पर्यटन विभाग को कार्य को गुणवत्ता के साथ समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

**लाखों की नगदी....**स्टेडियम रोड काशीपुर ,मुर्सलीम पुत्र इस्माईल निवासी फतेउल्लागंज थाना ठाकुरद्वारा , धीरज शर्मा पुत्र स्वराज नन्दन शर्मा निवासी मौहल्ला सिंघान मेहराज खान पुत्र सोहराब खान निवासी अलीखॉ मौहल्ला थाना साबिक, सनाउर्रहमान ऊर्फ सत्ता पुत्र अतिकुर रहमान निवासी अलीखॉ , शफीक पुत्र एहसान निवासी हरियावाला थाना कुण्डा , इरसाद हुसैन पुत्र निसार अहमद निवासी मौहल्ला मुम्ताज थाना अफजलगण जिला बिजनौर मोहम्मद इस्लाम पुत्र मौ0 जान निवासी मिसरवाला थाना कुण्डा वर्ष,गौरव कुमार अग्रवाल पुत्र नन्द किशोर निवासी पक्का कोट नागनाथ मन्दिर थाना काशीपुर पुत्र सरीफ अहमद निवासी मदर कालोनी ,एजाज अहमद पुत्र अनवार अहमद निवासी मौहल्ला थानासाबिक काशीपुर , मोईन खॉ पुत्र शरीफ खॉ निवासी गौतमनगर टाण्डा उज्जैन को गिरफ्तार कर लिया।पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि हम लोग यहा पर कौशल यादव के घर में ताश के पत्तो पर हार जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे है। पुलिस ने उनके पास से 13 मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं।

**भूखंड बेचने के...**उसे दिया तथा 60 हजार रूपये नगद तथा रजिस्ट्री के लिये 30 हजार रूपये अदा कर दिये। पिछले काफी समय से नीरज जायसवाल एवं हरकेश्वर रॉय तथा उनके पिता से भूखण्ड देने व भूखण्ड की रजिस्ट्री कराने के लिये कहता चला आ रहा है।परन्तु वह कोई ना कोई बहाना बनाकर उसे टालते चले आ रहे है। जब उनकी नियत पर शक हुआ तो पता चला कि इन्होने कोई कालोनी नही काटी है। यह दलाली करते है। जब इन लोगों से अपना रूपया वापस मांगा तो इन लोगों ने अपनी गलती मानते हुये। जल्दी रूपये अदा करने का वायदा करते हुये विभूति प्रसाद ने अपने खाता का चौक 2.30 लाख रूपये का जारी करके दिया। जो 16 जनवरी 2018 को बिना भुगतान के बापस प्राप्त हो गया।अब उक्त नीरज जायसवाल, हरकेश्वर रॉव व उसके पिता विभूति प्रसाद से अपनी रूपये वापस मांगें तो उक्त लोगों ने उसे गालियाँ देते हुये रूपये वापस करने से स्पष्ट इन्कार कर दिया और कहा कि अगर दुबारा रूपये मांगने आये तो हम तुम्हें जान से मरवा देगें। गोपाल का कहना ही उसने मामले की शिकायत पुलिस से की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर आरोपियों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**वाहन से कुचलकर...**और भड़क गई जब पुलिस द्वारा किसी अन्य वाहन से दुर्घटना की बात कही। इसके बाद सैकड़ो की संख्या में उग्र भीड़ ने पुलिस के खिलाफ भी जमकर नारेबाजी की। ग्रामीण कार्यवाही की मांग पर पड़े रहे। जानकारी के अनुसार रूदपुर के जेलकैंप नंबर दो निवासी 12वर्षीय सुमित मिस्त्री पुत्र विष्णु मिस्त्री, माता तारा मिस्त्री और पिता के साथ शनिवार की शाम करीब 7 बजे बाइक से घर वापस जा रहे थे। सुमित मिस्त्री के मामा उत्तमचंद ने बताया कि रुदपुर मार्ग पर लोहे की पुलिया से कुछ आगे उनकी बाइक को डंपर ने टक्कर मार दी। जिससे उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई। इस दौरान सुमित मिस्त्री छिटक कर सड़क में जा गिरा। तेज रफ्तार वाहन सुमित को रौंदता हुआ गुजर गया। स्वजन सुमित को लेकर अस्पताल पहुंचे। जहा डॉक्टरों ने सुमित को मृत घोषित कर दिया। हादसे में विष्णु मिस्त्री, तारा मिस्त्री चोटिल हुए है। इधर हादसे की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों का आरोप है कि मिट्टी भरे तेज रफ्तार डंपर वाहनों पर पुलिस, प्रशासन अंकुश नहीं लगा रहा है। जिस वजह से हादसे हो रहे है। वहीं पुलिस प्राथमिक जांच में डंपर से सड़क हादसा होने से इंकार कर रही है। सुमित दो भाइयों में छोटा था और कक्षा सातवीं का छात्र था। सुमित की मौत से स्वजन का रोकर बुरा हाल है। उसकी माता कई बार गश खाकर गिरी बार-बार कह रही है सुमित को लाकर दो। वहीं शनिवार रात हुए हुए हादसे को लेकर व्यापार मण्डल ने सुभाष चौक पर धरना प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन को कांग्रेस कार्यकर्ताओं व हिन्दु रक्षा वाहिनी ने भी समर्थन दिया। साथ ही व्यापार मण्डल ने जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन चौकी प्रभारी को सौंपा। दिये गये ज्ञापन मे क्षेत्र मे यमदूत बनकर दौड़ रहे भारी वाहनों को रात 10 बजे से सुबह 5 बजे तक चलने की अनुमति देने की मांग की गयी।

**विधायक के रिश्तेदार...**एक पुत्र सेना में है जबकि दूसरा पुत्र डांस एकेडमी चलाता है। परिजनों ने घटना को लेकर हत्या की आशंका व्यक्त की है। बताया गया है कि कुछ दिन पहले मृतक के बाग में लीची के कई पेड़ अज्ञात लोगों ने काट दिये थे। इस सम्बंध में पुलिस से लिखित शिकायत भी की गयी थी। परिजनों के मुताबिक गोविंद सिंह शनिवार देर शाम बाग की रखवाली के लिए घर से निकले थे उसके बाद वह वापस नहीं लौटे। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**कब्र से मिट्टी...**आने वाले लोगों के लिए बैठने, पेयजल व शौचालय की व्यवस्था के निर्माण कार्य कराये जा रहे हैं। इस दौरान शमशान घाट में मौजूद कब्र के ऊपर से मिट्टी हटाये जाने से इसाई समाज भड़क गया और प्रंदर्शन शुरू कर दिया। मामले की सूचना मिलने पर बिलासपुर थानाध्यक्ष फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने दोनों पक्षों से जानकारी ली। बाद में प्रधान द्वारा माफी मांगने तथा कब्र के ऊपर पुनः मिट्टी डलवाने की बात कहने पर इसाई समाज के लोग शांत हुए।

**दुर्घटना में घायल...**सिंह तथा गुरजीत सिंह पुत्र हरबंस सिंह गंभीर रूप से घायल हो गये थे। उन्हें उपचार के लिए चिकित्सालय भर्ती कराया गया था। जहां अवतार की पूर्व में उपचार के दौरान मौत हो गई थी। जबकि गुरजीत का एक निजी चिकित्सालय में उपचार चल रहा था। मध्य रात्रि गुरजीत की उपचार के दौरान मौत हो गई।

**सडक्र हादसे में...**सॉल्वेंट संस्थान में कार्यरत थे। गत सायं वह कार्य समाप्त कर टेम्पो में सवार होकर घर वापस लौट रहे थे। मृतक हरीश बाठला अपने पीछे पत्नी, तीन विवाहित पुत्र राहुल, रोहित व मोहित तथा पुत्री कोमल सहित पूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए हैं।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# 'शराब प्रेमियों' के लिए सरकारी सुविधाओं का नया 'कॉकटेल'

**राज्य सरकार ने आरंभ किया नई आबकारी नीति पर अमल, शराब शौकीनों को अब नहीं काटने पड़ेंगे वाइन शॉप के चक्कर, घर में खोल सकेंगे मिनी बार, रख सकेंगे 50 लीटर शराब और 15.6 लीटर बियर**

-अर्श-

रूद्रपुर। उत्तराखंड में शराब के शौकीनों के अब 'अच्छे दिन' आने वाले हैं। राज्य के सुरा प्रेमियों को अब अपनी पसंदीदा शराब खरीदने के लिए वाइन शॉप के चक्कर बार-बार नहीं काटने पड़ेंगे और वह आबकारी विभाग से एक लाइसेंस प्राप्त करके अपने घर में ही मिनी बार खोलकर, उपरोक्त बार में निर्धारित मात्रा में शराब एवं बियर रख सकेंगे। दरअसल, उत्तराखंड की धामी सरकार ने प्रदेश में 2023-24 के लिए बनाई गई आबकारी नीति को अब अमली जामा पहनना आरंभ कर दिया है। इस नीति के कार्य रूप में परिणित होने के बाद लोग अपने घरों में ही मिनी बार बना सकेंगे। बताना होगा कि राज्य की नई आबकारी नीति के तहत शराब के शौकीनों को निजी उपयोग के लिए घर में बार खोलने का लाइसेंस देने का प्रावधान किया गया है। लेकिन इसका अर्थ यह कदापि नहीं है कि कोई भी व्यक्ति कहीं भी किसी भी तरह का मिनी बार खोलकर बैठ जाए। यह सारी प्रक्रिया निर्धारित नियम कायदों के अधीन होगी। लिहाजा, घर पर मिनी बार बनाने के लिए सरकारी लाइसेंस देने के लिए कुछ शर्तें भी रखी गई हैं। उत्तराखंड सरकार की आबकारी नीति के नवीन प्रावधानों के तहत अब राज्य का कोई भी व्यक्ति जो पिछले पांच वर्षों से इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल कर रहा है, डीएम कार्यालय में घर में मिनी बार स्थापित करने हेतु लाइसेंस प्रदान करने के लिए आवेदन कर सकता है। डीएम कार्यालय में 12 हजार रुपये का वार्षिक शुल्क जमा कराने पर होम बार लाइसेंस जारी किया जाएगा। बार की मंजूरी मिलने तथा अनुज्ञप्ति प्राप्त होने के बाद लाइसेंस धारक भारत में निर्मित शराब 9 लीटर, विदेशी शराब 18 लीटर, 9 लीटर वाइन और 15.6 लीटर बीयर अपने घर



पर रखने का हकदार होगा। घर में स्थापित किए जाने वाले इस मिनी बार में अनुज्ञप्ति धारी को केवल सिविल में बिकने वाली शराब को स्टोर करने का अधिकार होगा। कैंटीन में बिक्री की जाने वाली शराब को इस होम मिनी बार में स्टोर करने की अनुमति नहीं होगी तथा जो भी व्यक्ति निर्धारित नियमों का उल्लंघन करेगा उसके विरुद्ध आबकारी विभाग सख्त कानूनी कार्यवाही अमल में लाएगा। होम मिनी-बार लाइसेंस चाहने वाले व्यक्ति को कुछ शर्तों को पूरा करने की प्रतिबद्धता के संबंध में एक हलफनामा भी जमा करना होगा। बार केवल व्यक्तिगत उपयोग के लिए होगा और किसी भी व्यावसायिक गतिविधि की अनुमति नहीं होगी अर्थात इससे शराब का विक्रय किसी अन्य व्यक्ति को नहीं किया जा सकेगा। साथ ही अधिसूचित ड्राई डे पर बार को बंद भी रखना होगा। इसके अलावा लाइसेंसधारक को यह सुनिश्चित करना होगा कि 21 वर्ष से कम उम्र का कोई भी उस क्षेत्र में न आए, जहां बार स्थापित है। होम बार के निरीक्षण के बाद ही लाइसेंस का नवीनीकरण किया जाएगा। यद्यपि धामी सरकार ने आबकारी नीति 2023-24 को अमली जामा पहनाते हुए मिनी होम बार के लाइसेंस देने आरंभ अवश्य कर दिए हैं, लेकिन राज्य सरकार की इस आबकारी नीति के कोई विशेष उत्साह जनक नतीजे सामने आ पाएंगे? इसमें तनिक संदेह है। वह इसलिए क्योंकि इस नीति की सफलता असफलता का सारा दारोमदार उत्तराखंड की मातृशक्ति पर निर्भर करेगा। लिहाजा यह देखना खासा दिलचस्प होगा कि राज्य की मातृशक्ति, जो कि शराब की दुकान बंद करने के लिए लामबंद होकर समय-समय पर उग्र आंदोलन करती रही है, का सरकार की इस मिनी होम बार योजना के प्रति कैसा रुख रहता है? क्योंकि अगर मातृशक्ति घर-घर मदिरालय स्थापित करने के विरुद्ध उठ खड़ी हुई, तो राज्य सरकार को यह योजना ठंडे बस्ते में डालनी पड़ सकती है। वैसे भी उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने उत्तराखंड सरकार के इस कदम की तीखी आलोचना की है। राज्य सरकार के इस कदम को जन विरोधी बताते हुए उन्होंने कहा है कि उत्तराखंड में पहले ही युवा सूखे नशे के आदि हो चुके हैं। अब सरकार घर-घर बार खोलने के लाइसेंस प्रदान करने जा रही है। इससे राज्य के गांव-गांव एवं कोने-कोने मे लोग नशे के आदी हो जाएंगे।

## आप सांसद की गिरफ्तारी के विरोध में सौंपा ज्ञापन

गदरपुर(उद संवाददाता) आप सांसद संजय सिंह की गिरफ्तारी के विरोध में आम आदमी पार्टी के काशीपुर जिला अध्यक्ष सुभाष व्यापारी, रुद्रपुर उधम सिंह नगर के जिला अध्यक्ष जसपाल सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष सुनीता बाजवा ने कार्यकर्ताओं के साथ्ञ प्रदर्शन करते हुए जिला मुख्यालय पर जिला अधिकारी को ज्ञापन देकर कार्यवाही की मांग की। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने कहा कि राज्यसभा सांसद संजय सिंह की गिरफ्तारी मोदी सरकार की हताशा और निराशा को दर्शाती है तथाकथित शराब घोटाले में अभी तक ईडी को कोई भी सबूत नहीं मिला है लंबी पूछताछ के बाद भी ई डी को कुछ नहीं मिला तो सरकार के इशारे



पर संजय सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया आरोप लगाया कि देश की तमाम जांच एजेंसी सत्ताधारी पार्टी के इशारों पर कार्य कर रही हैं जो व्यक्ति सरकार के विरुद्ध आवाज उठा रहा है चुप करने के लिए एजेंसियों का डर दिखाया जा रहा है, जिलाध्यक्ष सुभाष व्यापारी ने सरकार पर लोकतंत्र में लोगों की आवाज दबाने का आरोप लगाया। इस दौरान प्रदर्शन करने वाले में मनोज शर्मा, विराज धनंजय, साबिर हुसैन, चंदन सूर्यवंशी आदि सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## महिला मोर्चा की बैठक में बूथ सशक्तिकरण पर जोर

गदरपुर(उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी एसटी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री राकेश कुमार के नेतृत्व में महिला मोर्चा की एक बैठक बूथ सशक्तिकरण को लेकर ग्राम सरदारनगर में आयोजित की गई। मंडल महामंत्री मानसी शर्मा के निवास पर हुई बैठक की अध्यक्षता मंडी समिति अध्यक्ष सुभाष गुंबर और भाजपा महिला मंडल अध्यक्ष ज्योति चुघ द्वारा की गई। एसटी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री राकेश कुमार ने कहा कि भाजपा के सभी मंडलों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता एक जुट होकर आगामी लोकसभा चुनाव के लिए रणनीति तैयार करने के साथ भाजपा की नीतियों से जन-जन तक संपर्क करके अवगत कराएं। उन्होंने बूथ सशक्तिकरण पर भी जोर दिया। इस मौके पर ग्राम प्रधान सिल्की खेड़ा, महिला मंडल उपाध्यक्ष ज्योति शर्मा, रीना बजाज, सीमा अरोड़ा, पुष्पा ठाकुर, लक्ष्मी चौहान, ज्योति चुघ, मानसी शर्मा, मंडल महामंत्री नवीन खेड़ा, रेखा नरूला, रिंकी हितकारी, पुष्पा ठाकुर, स्वीटी चावला, जमुना ठाकुर, मोनिका खेड़ा, संध्या शर्मा, गीता, कंचन सहित तमाम लोग मौजूद रहे।




गुरू मां उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन

SONY Whirlpool SAMSUNG IFB Haier BOSCH VOLTAS
DAIKIN HITACHI MITSUBISHI ELECTRIC GENERAL LLOYD BLUE STAR

गर्मियों में ठंड जैसी राहत
गुरू मां
36 महीने तक की EMI उपलब्ध

Budget Ac
Premium Split Ac
Mid-Range Split Ac
Heavy-Duty Split Ac
Refrigerator की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Deep Freezer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RO Purifier की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Water Dispencer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Air Cooler की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध

Easy EMI Options Available

GURU MAA ENTERPRISES

RUDRAPUR- Civil Line +91-9927882338, Kashipur Bypass +91-9690282777 , Kashipur Bypass +91-9756233166 , Sony Center +91-9917170230 KASHIPUR- Ramnagar Road +91 8791989500, Cheema Chauraha +91 9927813555 HALDWANI- Tikonia +91-9997207007, Pilikothi +91-8923468434, Pilikothi +91-9690256666, HARIDWAR- Haridwar +91-9761699704 MORADABAD- Moradabad +91-7500839146, GADARPUR- Near Super Market +91-9927850999, KICHHA- Kichha +91-7017595920, LOHAGHAT- Daak Bangla Road +91-9568035735 DEHRADUN- Kaluagarh Road +91-8394949454 PANIPAT- West Market Opp. Central Bank +91-8607964000 KARNAL-Mangal Singh Market +91-8684077000 , 49 Ram Nagar +91-8908350000

सेल्स एवं सर्विस हेतु कॉल करें - 8791989500, 9927882338